भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1959

दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विद्युत मंत्रालय में रिक्तियां

†1959. डॉ. शर्मिला सरकार :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार में स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा विभिन्न श्रेणियों में आरक्षित पदों सहित रिक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) मंत्रालय/विभाग में आरक्षित पदों की संख्या कितनी है और वर्ष 2014 से रिक्तियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है; और

(ग) 2014 में अब तक नियुक्त किए गए संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) : विद्युत मंत्रालय में अखिल भारतीय सेवा, अन्य संगठित सेवा और सामान्य सिविल सेवाओं आदि के अधिकारी/कार्मिक कार्यरत है। मंत्रालय इन सेवाओं के संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा दिये गए तैनाती, स्थानांतरण और पदोन्नति आदेशों का कार्यान्वयन करता है। दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार, विद्युत मंत्रालय (सचिवालय) में 356 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 300 पद भरे हुए हैं।

विद्युत मंत्रालय डिस्पैच राइडर, स्टाफ कार ड्राइवर आदि के संबंध में कैडर नियंत्रण प्राधिकारी है, जो वर्तमान में प्रतिनियुक्ति या पुन: रोजगार के आधार पर भरे जाते हैं और इनके लिए आरक्षण नीति लागू नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के संबंध में भी कैडर नियंत्रण प्राधिकारी है, जिसके लिए कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती के आधार पर भर्ती की जाती है अत: एमटीएस ग्रेड में रिक्तियों का श्रेणीवार विवरण मंत्रालय के पास उपलब्ध है।

वर्ष 2014 से अब तक रिक्तियों का वर्ष-वार और श्रेणी-वार विवरण संलग्न है।

(ग) : विद्युत मंत्रालय में वर्ष 2014 से अब तक नियुक्त किए गए संविदा कर्मचारियों से संबंधित वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	**नियुक्ति वर्ष**	**नियुक्त संविदा कर्मचारियों की संख्या**	**श्रेणी**
1.	**2014-2020**	**00**	**संविदा कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति लागू नहीं है।**
2.	**2021**	**01**	
3.	**2022**	**04**	
4.	**2023**	**05**	
5.	**2024**	**07**	
6.	**2025 (दिनांक 30.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार)**	**03**	

लो.स.अतारां.प्र.सं. 1959
अनुबंध

क्रम सं.	वर्ष (संबंधित वर्ष के 31 दिसंबर तक)	स्वीकृत पद	पद पर कार्यरत	आरक्षित पदों सहित रिक्तियाँ	एमटीएस ग्रेड में रिक्तियाँ	एमटीएस ग्रेड में रिक्तियों का श्रेणीवार विवरण
क	ख	ग	घ	ङ (ग-घ)	च (ङ में से)	छ
1.	2014	343	280	63	03	यूआर-14 ओबीसी-13 एससी-0*(25 अतिरिक्त) एसटी-01
2.	2015	343	297	46	04	यूआर-14 ओबीसी-13 एससी-0*(24 अतिरिक्त) एसटी-01
3.	2016	318	292	26	07	यूआर -15 ओबीसी -13 एससी-0*(22 अतिरिक्त) एसटी-01
4.	2017	321	277	44	12	यूआर -17 ओबीसी -13 एससी-0*(19 अतिरिक्त) एसटी-01
5.	2018	320	275	45	06	यूआर -15 ओबीसी -11 एससी-0*(20 अतिरिक्त) एसटी-00
6.	2019	335	271	64	6	यूआर -9 ओबीसी -10 ईडबल्यूएस-6** एससी -0*(20 अतिरिक्त) एसटी-01
7.	2020	335	265	70	08	यूआर -09 ओबीसी -10 ईडबल्यूएस-6** एससी-0*(18 अतिरिक्त) एसटी-1
8.	2021	331	276	55	11	यूआर -09 ओबीसी -10 ईडबल्यूएस-6**

						एससी-0*(16 अतिरिक्त) एसटी-2
9.	2022	324	277	47	16	यूआर -13 ओबीसी -09 ईडबल्यूएस-6** एससी-0*(15 अतिरिक्त) एसटी-3
10.	2023	356	301	55	17	यूआर -14 ओबीसी-05 ईडबल्यूएस-6** एससी-0*(11 अतिरिक्त) एसटी-3
11.	2024	356	304	52	21	यूआर -15 ओबीसी-7 ईडबल्यूएस-6** एससी-0*(10 अतिरिक्त) एसटी-3
12.	2025 (दिनांक 30.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार)	356	300	56	29	यूआर -17 ओबीसी-8 ईडबल्यूएस-6** एससी-0*(5 अतिरिक्त) एसटी-3

*पूर्ववर्ती समूह घ पदों को 'मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)' का नाम दिया गया था, जिसके कारण एससी श्रेणी के कर्मचारी, उनके लिए आरक्षित सीटों की तुलना में अधिक हो गए।

**ईडब्ल्यूएस आरक्षण वर्ष 2019 में लागू किया गया था

यूआर (अनारक्षित), ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति)

****